Title: Need to ensure that All India Radio, Parbhani, Maharashtra is accorded the status of self-dependant radio station.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : महोदय, आल इंडिया रेडियो, परभनी को आत्मनिर्भर रेडियो स्टेशन का दर्जा देने के बारे में सरकार पिछले 20 र्वा से ढुलमुल रवैया अपना रही है। पहले सरकार ने र्वा 1983 और 1992 में रेडियो परभनी को आत्मनिर्भर रेडियो स्टेशन का दर्जा देने की घोाणा की, परंतु कुछ ही दिन बाद इस निर्णय को रद्द कर दिया गया। अब प्रसार भारती, मुम्बई ने अपने 21.11.2002 के पत्र द्वारा रेडियो परभनी को औरंगाबाद स्टेशन से अलग करके आत्मनिर्भर रेडियो स्टेशन बनाने की घोाणा की तथा कहा कि 1.12.2002 से परभनी रेडियो स्टेशन से आत्मनिर्भर प्रसारण शुरू हो जायेगा, परंतु पांच दिन बाद ही प्रसार भारती, मुम्बई ने अपने 26.11.2002 के अपने आदेश को रद्द कर दिया।

अतः इस सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे तथा निश्चित तारीख 1.12.2002 से ही परभनी स्टेशन से आत्मनिर्भर रेडियो प्रसारण आरम्भ किए जाने के निर्देश दे।